पत्रिका

पहली बार किसी मार्केट में सुरक्षा के लिए होंगे सीसीटीवी कैमरे

# नगर निगम ने सुभाष कॉम्प्लेक्स की ई-नीलामी के टेंडर किए जारी

पत्रिका सिटी इश्यू

> नगर निगम सुभाश शॉपिंग कॉप्लेक्स को बेहतर करने के लिए काम कर रहा है। अब तक यह उपेक्षित रहा, लेकिन इसकी दुकानों की नीलामी के लिए ई टेंडर जारी कर दिए गए है। यहां दुकान लेने वालों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।
>
> **- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** नगर निगम ने शहर के महू रोड स्थित सुभाश शॉपिंग कॉप्लेक्स की 99 दुकानों की बिक्री के लिए ई टेंडर जारी कर दिए हैं। इसको भरने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर है। बड़ी बात यह है कि पहली बार नगर निगम के किसी मार्केट में कारोबारियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

नगर निगम ने सुभाश शॉपिंग कॉप्लेक्स का निर्माण दो हजार के दशक में किया था। इसके बाद से अब तक यहां सिर्फ तीन दुकाने ही बिक्री हो पाई। इसके बाद कभी निगम प्रशासन ने इनको बिक्री करने का प्रयास ही नहीं किया। इससे इस मार्केट में असामाजिक लोगों ने अपना स्थान बना लिया। अब जब शहर में सभी दूर सिटी फोरलेन बनाना नगर निगम ने शुरू किया तो धन की जरुरत हुई। निगम को प्रापर्टी की याद आई। अब एक एक करके निगम सभी प्रापर्टी की नीलामी करने की शुरुआत कर रहा है।

## पहली बार यह सुविधा

इन दिनों सुभाश शॉपिंग कॉप्लेक्स में तेजी से रखरखाव कार्य चल रहा है। 21 अक्टूबर तक ई नीलामी के लिए निगम ने आप्शन मंगवाए है। इस बीच ही निगम इस मार्केट में कारोबारियों को एक और सुविधा देगी जो अब तक निगम की किसी भी प्रापर्टी में शहर में नहीं है। इस मार्केट में कारोबारियों व उनकी दुकान में रखे जाने वाले सामान की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाएंगे। इसके लिए भी निगम रुपरेखा बना रहा है। इस कार्य को अक्टूबर माह के दूसरे पखवाड़े तक कर लिया जाएगा।

पत्रिका 1/10/21

# जिला विकास योजना समिति द्वारा आपत्तियों एवं सुझावों पर सुनवाई की गई

## रतलाम विकास योजना 2035 पर 296 आपत्तियां एवं सुझाव

**सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम**




संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. शासन भोपाल द्वारा रतलाम निवेश क्षेत्र की प्रारुप विकास योजना 2035 का प्रकाशन राजपत्र में विगत दिनों किया गया। प्रकाशन अवधि में विभाग को कुल 296 आपत्तियां, सुझाव प्राप्त हुए। इस सम्बन्ध में जिला विकास योजना समिति द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आपत्तियों तथा सुझावों पर सुनवाई की गई। इस अवसर पर विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, राजेन्द्रसिंह लूनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश उज्जैन सी.के. साधव, प्रभारी उपसंचालक गोरेलाल वर्मा तथा आपत्तिकर्ता व सुझावकर्ता नागरिक उपस्थित थे।

सुनवाई के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरतापूर्वक समिति द्वारा सुना गया। बैठक में 180 आपत्तियों, सुझावों पर बुधवार को सुनवाई की गई, शेष आपत्तियों, सुझावों पर समिति द्वारा सुनवाई गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से की जाएगी।

विधायक काश्यप ने इस दौरान बताया कि जिला विकास योजना समिति द्वारा विकास योजना पर प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों की सुनवाई कर अंतिम निर्णय के लिए संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल को प्रेषित किया जाएगा जहां शासन द्वारा योजना के सम्बन्ध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने भी समिति कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपत्तियों, सुझावों पर सुनवाई पश्चात समिति की अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन शासन को प्रेषित किया जाएगा। शासन स्तर पर आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सिंघम-30

सिंघम 30/9/21

# दूसरे दिवस 116 आपत्तियों एवं सुझावों पर की सुनवाई

## रतलाम विकास योजना 2035 पर आपत्तियां एवं सुझाव

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. शासन भोपाल द्वारा रतलाम निवेश क्षेत्र की प्रारुप विकास योजना 2035 का प्रकाशन राजपत्र में विगत दिनों किया गया। प्रकाशन अवधि में विभाग को कुल 296 आपत्तियां, सुझाव प्राप्त हुए। इनमे से 29 सितम्बर को प्रथम दिवस 180 आपत्तियो पर सुनवाई की गई थीं शेष रह गई 116 आपत्तियों, सुझावों पर 30 सितम्बर को सुनवाई की गई। इस सम्बन्ध में जिला विकास योजना समिति द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश उ%जैन सी.के.साधव, प्रभारी उपसंचालक गोरेलाल वर्मा तथा आपत्तिकर्ता व सुझावकर्ता नागरिक उपस्थित थे। विधायक श्री काश्यप ने नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारियो को निर्देशित किया कि विकास योजना तैयारी में गंभीरता बरती जाए। प्रत्येक बिंदु की जाँच पडताल कर ठोस योजना बननी चाहिए जिसमे कोई कमी न हो। कलेक्टर ने भी योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी। जिला समिति द्वारा आपत्तियों, सुझावों पर अपनी अनुसंसा प्रतिवेदन आगामी एक माह के भीतर सासन को प्रेषित कर दिया जाएगा, जहां योजना पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

राज एक्सप्रेस 1/10/21

जिला विकास योजना समिति द्वारा आपत्तियों एवं सुझावों पर हुई सुनवाई.

# रतलाम विकास योजना 2035 पर 296 आपत्तियां एवं सुझाव आए



रतलाम। संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. शासन भोपाल द्वारा रतलाम निवेश क्षेत्र की प्रारुप विकास योजना 2035 का प्रकाशन राजपत्र में विगत दिनों किया गया। प्रकाशन अवधि में विभाग को कुल 296 आपत्तियां, सुझाव प्राप्त हुए। इस सम्बन्ध में जिला विकास योजना समिति द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आपत्तियों तथा सुझावों पर सुनवाई की गई। इस अवसर पर विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, राजेन्द्रसिंह लूनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश उज्जैन सी.के.साधव, प्रभारी उपसंचालक गोरेलाल वर्मा तथा आपत्तिकर्ता व सुझावकर्ता नागरिक उपस्थित थे।

सुनवाई के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरतापूर्वक समिति द्वारा सुना गया। बैठक में 180 आपत्तियों, सुझावों पर बुधवार को सुनवाई की गई, शेष आपत्तियों, सुझावों पर समिति द्वारा सुनवाई गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात: 11.00 बजे से की जाएगी।

विधायक श्री काश्यप ने इस दौरान बताया कि जिला विकास योजना समिति द्वारा विकास योजना पर प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों की सुनवाई कर अंतिम निर्णय के लिए संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल को प्रेषित किया जाएगा जहां शासन द्वारा योजना के सम्बन्ध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने भी समिति कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपत्तियों, सुझावों पर सुनवाई पश्चात समिति की अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन शासन को प्रेषित किया जाएगा।

अग्निबाण 20/9/21

**स्वच्छता में नंबर एक पर लाने की कयावद तेज**

# त्रिपोलिया गेट सहित कई क्षेत्रों में पहुंचे नगर निगम आयुक्त



रतलाम. शहर को स्वच्छता में नंबर एक पर लाने के लिए कयावद तेज हो गई है। चार दिन से नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया इसके लिए विभिन्न मोहल्लों में जाकर आमजन का कभी बेहतर सफाई के लिए स्वागत कर रहे है तो कभी गंदगी करने वालों को फटकार लगा रहे हैं। गुरुवार को आयुक्त झारिया त्रिपोलिया गेट सहित शहर के कई क्षेत्रों में दल बल के साथ पहुंचे।

नगर निगम आयुक्त ने बताया संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश से गुरुवार को शहर के सुलभ व सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई कराई गई। आयुक्त ने दुकानदारों और मकानों में रहने वाले लोगों को समझाईश दी है कि किसी भी सूरत में कचरा इधर उधर नही फेंके वरना उन्हे जुर्माना वसूली टीम का सामना करना पड़ेगा। त्रिपोलिया गेट, चौमुखीपुल, चांदनीचौक, भगतपुरी, त्रिवेणीरोड सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया इसके साथ ही त्रिपोलिया गेट, नगर निगम रोड व सिखवाल नगर स्थित सुलभ शौचालयों व सार्वजनिक सुविधाघरों का निरीक्षण कर वहां पाई कुछ कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर राजा ठाकुर द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## कचरे से भरी पॉलीथीन खाली कराई

सफाई मित्र समूह की टीम ने कचरे के सही निपटान को लेकर आज स्टेशन रोड़, मित्र निवास रोड़, दिलबहार चौराहा, स्टेशन रोड़, फीगंज, न्यू रोड़, लोकन्द्र भवन रोड़, न्यू कोर्ट चौराहा, देवीसिंह की गली, हाथीखाना रोड़, आंनद कालोनी, मोचीपुरा व आसपास के क्षेत्रों में डोर टू डोर सम्पर्क कर लोगों के कचरा निपटान तरीके को जाना। इस दौरान कुछ स्थानों पर दुकानदार व मकान में रहने वाले लोग प्लास्टिक की थैलियों में कचरा एकत्र करते हुए पाए गए। इनमें से कुछ लोग इन कचरा पैकेटों को आसपास के नाले-नालियों में डाले जाने की सूचना मिली तो सफाई मित्र समूह टीम के सदस्यों ने इन्हे अलग-अलग डस्टबिन मे कचरा एकत्र करने की समझाईश देते हुए चेतावनी भी दी है कि भविष्य में सीसीटीवी कैमरों से पहचान कर इधर उधर कचरा फैंकने वालों पर जुर्माना वसूली की जाएगी। कार्यपालन यंत्री व स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी सुरेशचन्द्र व्यास, कार्यपालन अधिकारी जीके जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, एमके जैन, एपी सिंह सहित टीम के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

पत्रिका 1/10/21

**अमृत महोत्सव** प्रशासन के विभिन्न विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर उनके यहां चलाई जा रही हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे

# अखिल भारतीय जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम 2 अक्टूबर से



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नालसा एवं सालसा के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर 2021 से 14 नवंबर 2021 तक 45 दिवसीय अखिल भारतीय जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका यह लक्ष्य है कि गरीब शोषित एवं वंचित वर्ग के हाशिए पर निवासरत समस्त व्यक्तियों को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जावे और इसके साथ साथ विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी सहित इसका लाभ उन तक पहुंचाया जावे।

## पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

इस संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम राजेश गुप्ता द्वारा एडीआर सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया गया कि रतलाम जिले में उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर प्रभात फेरी निकालकर किया जावेगा। यह प्रभात फेरी प्रातः 10 बजे से जिला न्यायालय एवं सभी तहसील न्यायालयों आलोट, सैलाना तथा जावरा में निकाली जावेगी जिसके पश्चात उक्त दिनांक को ही ग्राम गोपालपुरा में वृहद मेले का आयोजन किया जावेगा जो प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रशासन के विभिन्न विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर उनके यहां चलाई जा रही हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी आमजन को प्रदान करेंगे। इसके -साथ ही उक्त योजनाओं का लाभ भी मौके पर प्रदान किया जावेगा। मेले में डाक विभाग के सहयोग से आधार कार्ड बनवाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मुक्त हेल्थ चेकअप एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत कंपनी एवं बैंक तथा अन्य विभागों के द्वारा भी स्टाल लगाकर उनके यहां चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ उनका लाभ आमजन को प्रदान किया जावेगा।

1/10/21

# श्वानो के झुंड से मॉर्निंग वॉक पर जाने वालों की बनी आफत



रतलाम। रत्नपुरी कॉलोनी 80 फिट रोड पर श्वानो के झुंड मॉर्निंग वॉक एवं इवनिंग वाक वालों के लिए आफत बना छोटे बच्चों एवं अकेली महिलाओं को देखकर यह झुंड काटने को लपक जाता है पूर्व में कई लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं।

सिंघम - 30

सिंघम 30/9/21

# प्रमुख मार्गों के आसपास ग्रीन बेल्ट आपत्तियां भी इसी पर ज्यादा

## मास्टर प्लान 2035 की आपत्तियों पर सुनवाई पूरी

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर व ग्राम निवेश विभाग द्वारा मास्टर प्लान 2035 के लिए किए गए प्रविधानों में से कई प्रविधान व्यवहारिक नजरिये से ठीक नजर नहीं आ रहे हैं। मास्टर प्लान के लिए जारी प्रारूप पर आई आपत्तियों की सुनवाई में भी यही बात निकल कर आई। विभाग को कुल 296 आपत्तियां, सुझाव प्राप्त मिले थे। बुधवार से शुरू हुई सुनवाई में पहले दिन 180 व दूसरे दिन गुरुवार को शेष रह गई 116 आपत्तियों, सुझावों पर जिला विकास योजना समिति ने सुनवाई की।

गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश उज्जैन सीके साधव, प्रभारी उपसंचालक गोरेलाल वर्मा तथा आपत्तिकर्ता व सुझावकर्ता नागरिक उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक आपत्तियां ग्रीन बेल्ट व आमोद प्रमोद प्रयोजन को लेकर रही।

### एक माह में भेजेंगे रिपोर्ट

जिला समिति द्वारा आपत्तियों, सुझावों पर अपनी अनुशंसा, प्रतिवेदन एक माह के भीतर शासन को प्रेषित कर दिया जाएगा, जहां योजना पर अंतिम निर्णय होगा।

खास बात यह है कि मास्टर प्लान में रिंग रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों, प्रस्तावित मार्गों के दोनों ओर 100 फीट तक ग्रीन बेल्ट का प्रविधान कर दिया। इस पर आपत्तिकर्ताओं ने बताया कि मार्गों के आसपास आवासीय व व्यवसायिक प्रयोजन नहीं होने से शहर विकास प्रभावित होगा। समिति सदस्यों ने भी इसे गंभीरता से लिया। कलेक्टर ने भी इस दौरान कहा कि बड़े ग्रीन बफर जोन में अतिक्रमण भी हो जाता है। विधायक काश्यप ने नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारियो को निर्देशित किया कि विकास योजना तैयारी में गंभीरता बरती जाए। आमजन की आपत्तियां व सुझाव को गंभीरता से लें और जो लागू हो सके उस अनुसार उन्हें व्यवहारिक रूप में लेकर शासन को प्रेषित करें।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गोवर्धन सेवानिवृत्त

रतलाम।पावर हाउस रोड मंडी में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गोवर्धन दास गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। कृषि उपज मंडी कार्यालय में समारोहपूर्वक विदाई दी गई। इस मौके मंडी सचिव एमएस मुनिया ने उनके हिस्से की राशि का चेक और प्रतीक चि- देकर सम्मानित किया। सहायक मंडी सचिव एसएन गोयल, मंडी प्रभारी राजेंद्र व्यास सहित मंडी के अन्य अधिकारी कर्मचारी विदाई समारोह में शामिल हुए। नई.

नईदुनिया 1/10/21

# कोविड वैक्सीनेशन में ड्यूटी का समय निर्धारित करें

## कलेक्टर के नाम एएनएम ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



कलेक्टोरेट में नायब तहसीलदार को ज्ञापन देती हुई एएनएम • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (एएनएम) ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार पूजा भाटी को सौंपा। ज्ञापन में कोविड वैक्सीनेशन का समय निर्धारित करने की मांग करते हुए अवगत कराया कि वर्तमान में सुबह नौ से रात 11.00 बजे तक वैक्सीनेशन कराया जा रहा है। ऐसी स्थिति में महिला कर्मचारियों को कई तरह की समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। पीएचसी बड़िया गोयल जावरा में एएनएम से छह से आठ घंटे के स्थान पर लगातार 10 से 15 घंटे ड्यूटी कराकर कोविड टीकाकरण कराना नियम अंतर्गत नहीं है। यदि किसी भी एएनएम के साथ कोई जान माल की हानि होती है, तो संबंधित अधिकारी की जवाबदारी होगी। साथ ही एएनएम महिला होने के कारण हमारे घर परिवार की भी जिम्मेदारी है। अब एएनएम से शाम पांच बजे बाद ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कार्य नहीं कराया जाए। कोई कार्रवाई की गई तो एनबीएस के संघ के माध्यम से एकजुट होकर विरोध कर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

नईदुनिया 1/6/21

# मेडिकल कॉलेज में डेंगू मरीजों के लिए बनाया पांचवां वार्ड

## बीमारी का दंश : निजी व जिला अस्पताल में भी बेड फुल, लगातार सामने आ रहे नए पाजिटिव केस

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। गुरुवार को जिला अस्पताल लैब की एलाइजा जांच की 14 रिपोर्ट में तीन नए मरीज मिले। हालात ऐसे हैं कि मेडिकल कालेज अस्पताल में बुधवार रात मरीजों की संख्या तीन सौ से अधिक होने पर पांचवां वार्ड चालू करना पड़ा। गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में 310 मरीज भर्ती थे, जिसमें 260 ऐसे थे, जिनकी एंटीजन जांच किट में डेंगू पाटिजिव आया है। इसके अलावा कई संदिग्ध मरीज थे। आइसीयू में भी 35 मरीज उपचार ले रहे हैं।



अस्पताल अधीक्षक डा. प्रदीप मिश्रा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में इस समय रोज औसत 40 मरीजों को डिस्चार्ज किया जाता है और 70 नए मरीज आ रहे हैं। बुधवार रात को मरीजों को भर्ती करने की जगह कम पड़ गई, तो नया वार्ड चालू किया गया है। एक वार्ड मे अधिकतम 60 मरीजों को रखने की व्यवस्था है। इसमें 30 महिला और 30 पुरुष हैं। डा. मिश्रा ने बताया कि अभी तक डेंगू से 20 से 40 साल की उम्र वाले अधिक प्रभावित हैं। इनमें पुरुषों की संख्या सर्वाधिक है। अभी डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। यह स्थिति दशहरे के बाद ही नियंत्रण में होगी। मरीजों को प्लेटलेट्स भी चढ़ानी पड़ रही है।

इसी तरह जिला अस्पताल, बाल चिकित्सालय एवं निजी अस्पतालों में भी मरीजों को खाली बेड नहीं मिल रहे हैं। जिले में एलाइजा जांच की पुष्टि के बाद अब 403 डेंगू के मामले मिल चुके हैं। एंटीजन किट जांच में भी रोज नए मामले मिल रहे हैं। इनको मिला दे तो आंकड़ा डेढ़ हजार के नजदीक पहुंच गया है।

### 101 मरीजों को दी प्लेटलेट्स

मानव सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन पाटीदार मुरलीवाल ने बताया कि गुरुवार को 101 लोगों को प्लेटलेट्स दी गई है। अभी प्लेटलेट्स उन्हीं को दी जा रही है, जिनके प्लेटलेट्स बीस हजार से नीचे हैं। गुरुवार को तो 50 लोग ऐसे आए, जिनके प्लेटलेट्स पांच हजार तक पहुंच गए थे। लगातार मांग बढ़ती ही जा रही है। अब तो हर 100 से अधिक लोग ही ले रहे हैं।

### 48 घरों में मिला लार्वा

मलेरिया विभाग की टीमों ने शहर के चार वार्डों के 512 घरों का सर्वे किया। इस दौरान 48 घरों में लार्वा मिला। साथ ही 19 पानी टंकी, 26 कंटेनर, 16 बेकार टायर, एक कूलर और 16 फालतू कंटेनरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। हर वार्ड में 100 मिली ग्राम टेमोफास दवाई का छिड़काव भी किया गया और फागिंग चलती रही। इन सब प्रयासों के बाद भी नए मामलों की रफ्तार कम नहीं हो रही है।

नईदुनिया 1/10/21

**मास्टर प्लान की हकीकत** • दूसरे दिन 116 आपत्तियों और सुझावों पर हुई सुनवाई, प्रारूप विकास योजना अब शासन को भेजेंगे

# ना सब्जी मंडी और ना ही पार्किंग के लिए स्थान तय किया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर के लिए नया मास्टर प्लान तैयार किया है लेकिन इसमें ना तो सब्जी मंडियों के लिए स्थान आरक्षित किया और ना पॉर्किंग के लिए स्थान आरक्षित किया गया है। जबकि शहर का तेजी से विकास हो रहा है और हर साल 25 हजार से ज्यादा नए वाहन सड़कों पर आ रहे हैं। बावजूद पार्किंग को लेकर स्थान आरक्षित नहीं किया गया। वहीं हम पिछले मास्टर प्लान की बात करें तो पिछले मास्टर प्लान में पॉर्किंग के लिए जो स्थान बताए गए थे वहां भी अब तक पार्किंग नहीं बन पाई है। इससे शहर में पॉर्किंग सबसे बड़ी समस्या बन गई है।

## कुल 296 आपत्तियां, सुझाव प्राप्त हुए जिनकी सुनवाई जारी है

नए मास्टर प्लान को लेकर चल रही सुनवाई दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रही। मास्टर प्लान को लेकर 296 आपत्तियां आई हैं। पहले दिन बुधवार को 180 आपत्तियों की सुनवाई की गई। शेष बची आपत्तियों की गुरुवार को सुनवाई की गई। अब जिला समिति द्वारा आपत्तियों एवं सुझाव पर अनुशंसा प्रतिवेदन दिया जाएगा ताकि आगामी एक महीने के भीतर शासन को इसे प्रेषित किया जा सके और इस पर अंतिम फैसला हो सके। संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल द्वारा रतलाम निवेश क्षेत्र की प्रारूप विकास योजना 2035 का प्रकाशन राजपत्र में गत दिनों किया गया है। प्रकाशन अवधि में विभाग को कुल 296 आपत्तियां, सुझाव प्राप्त हुए। इनकी सुनवाई की जा रही है। जिला विकास योजना समिति द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश उज्जैन सीके साधव, प्रभारी उपसंचालक गोरेलाल वर्मा मौजूद थे।

## मास्टर प्लान में सब्जी मंडी, पार्किंग को शामिल किया जाए

संस्था क्रेडाई ने 9 अगस्त को मास्टर प्लान को लेकर आपत्ति और सुझाव के लिए आवेदन दिया था। इसमें मास्टर प्लान में शहर की जरूरत के हिसाब से पॉर्किंग, सब्जी मंडी के लिए स्थान आरक्षित करने का सुझाव दिया था ताकि रोड किनारे लगने वाली सब्जी की दुकानों से शहर को मुक्ति मिल सके और पार्किंग की समस्या भी ना आए लेकिन क्रेडाई के इस आवेदन को इसमें शामिल ही नहीं किया गया। क्रेडाई संस्था के पदाधिकारियों ने बताया नए मास्टर प्लान के लिए सुझाव और आपत्तियां मंगाई थीं, उसे शामिल किया जाना था। संस्था के सुझावों को शामिल ही नहीं किया गया। नए मास्टर प्लान में सब्जी मंडी और पार्किंग को जरूरत के हिसाब से शामिल किया जाए ताकि भविष्य में शहर में पार्किंग की दिक्कत ना हो और शहर में व्यवस्थित सब्जी मंडियां बनें ताकि लोगों को सब्जी खरीदने में भी आसानी हो और शहर में जाम ना लगे। वहीं खेल मैदान सहित अन्य जरूरतों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए।

## आम लोगों की आपत्तियों एवं सुझावों को गंभीरता से लें

विधायक चेतन्य काश्यप ने नगर एवं ग्राम निवेश के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की आपत्तियां एवं सुझाव को गंभीरता से लें और जो लागू हो सके उस अनुसार उन्हें व्यावहारिक रूप में लेकर शासन को प्रेषित करें।

भास्कर

दै. भास्कर 1/10/21

# आजादी का अमृत महोत्सव : अभा जागरूकता कार्यक्रम कल से शुरू

## 45 दिनों तक वंचित वर्ग को कल्याणकारी योजनाएं बताएंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आजादी महोत्सव के तहत 2 अक्टूबर से 14 नवंबर तक "अखिल भारतीय जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम' किया जाएगा। इसके तहत गरीब शोषित, व वंचित वर्ग के हाशिए पर निवासरत सभी व्यक्तियों को विधिक जागरूकता व साक्षरता प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी सहित इसका लाभ उन तक पहुंचाया जाएगा।

2 अक्टूबर गांधी जयंती पर कार्यक्रम की शुरुआत प्रभातफेरी निकालकर की जाएगी। सुबह 10 बजे जिला न्यायालय और सभी तहसील न्यायालयों आलोट, सैलाना तथा जावरा में भी प्रभातफेरी निकाली जाएगी। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेश गुप्ता ने बताया कि उसी दिन ग्राम गोपालपुरा में वृहद मेले का आयोजन किया जाएगा जो प्रशासन के सहयोग से होगा। इसमें प्रशासन के विभिन्न विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर उनके यहां चलाई जा रही हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाएगी।

मेले में डाक विभाग के सहयोग से आधार कार्ड बनवाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मुक्त हेल्थ चेकअप व आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही महिला व बाल विकास विभाग, विद्युत कंपनी, बैंक तथा अन्य विभागों द्वारा भी स्टॉल लगाकर उनके यहां चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। भास्कर

दै. भास्कर 1/10/21

# अतिक्रमणों के साथ नालों के निर्माण की समीक्षा भी जरूरी

**रतलाम।** पिछले दिनों हुई भारी बारिश से उपजी समस्याओं का समाधान बहुत जरूरी है। इसका अहसास इस सप्ताह के दौरान आई बारिश ने करा दिया है। पिछले सप्ताह भारी बारिश के बाद निरीक्षण पर निकले कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं एसपी गौरव तिवारी अक्टूबर माह में नालों का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दे चुके हैं। लेकिन अतिक्रमण के साथ शहर के नालों के निर्माण की समीक्षा भी जरूरी है, क्योंकि सभी जगहों पर नालों की दीवार ने ही समस्या बढ़ाई है।

शहर में इस सप्ताह कभी तेज तो कभी रिमझिम पानी बरसा। पिछले 10-12 दिनों में 10 इंच से अधिक वर्षा रिकार्ड की गई है। वर्षा का दौर अभी भी थमने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग आए दिन भारी बारिश की चेतावनियां जारी कर रहा है, इससे शहरवासी चिंता में रहने को मजबूर हो रहे हैं। उनकी चिंता जायज भी है, क्योंकि पिछले सप्ताह रविवार को जिस भारी बारिश का सामना सबने किया है, उसके बारे में सोचकर ही सबके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उस बारिश में कई घरों में पानी घुसा था, जिससे लाखों रूपए का फर्नीचर, बिस्तर और उपकरण आदि खराब हो गए हैं। इसके अलावा नागरिकों को पानी को निकालने एवं घरों से कीचड़ साफ करने की जद्दोजहद अलग करना पड़ी। इससे शारीरिक एवं आर्थिक दोनों स्तरों पर कई परिवारों को नुकसान उठाना पड़ा है।

शहर की निचली बस्तियों में पानी भरने का कारण तो उनका नीचे होना है, लेकिन कई बस्तियों में सिर्फ नालों के कारण पानी भरा। इन बस्तियों में कुछ तो ऐसी हैं, जिनमें अमृत योजना के तहत पिछले वर्ष में नालों का नवनिर्माण होने के बाद जलजमाव की स्थिति बनी थी। इन बस्तियों में निवासरत लोगों के अनुसार कई जगह नालों को दीवार से बांध दिया गया है, जबकि पहले वे खुले होने से पानी सीधे निकल जाता था। नालों की ऊँची दीवार बनने एवं उनमें से पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने और समय पर नालों की उचित सफाई नहीं होने से इन नालों में आया पानी आसपास की बस्तियों के लिए संकट लाने वाला रहा। इसलिए प्रशासन स्तर पर नालों के सीमांकन की कार्यवाही हो, तो उसमें नालों पर बनी दीवार की समीक्षा भी की जानी चाहिए, ताकि पानी की निकासी के लिए उचित रास्ता निकाला जा सके।

उपग्रह 30/9/21

# कार्य में लापरवाही बरतने पर ड्राइवर व हेल्पर सेवा से बर्खास्त

## स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारियों का एक दिवस का वेतन काटा, फॉगिंग मशीन चालक का 2 दिवस का वेतन काटा

● रतलाम।

नगर निगम के 2 कचरा संग्रहण वाहन विगत 1 माह से महू रोड स्थित गैरज खड़े होने का विडियो व्हाट्स एप पर प्राप्त होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी विनय चौहान को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरित प्रभाव पड़ने व निगम की छवि धुमिल होने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घन्टे में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

इसके अलावा उक्त वाहन के चालक देवकरण जावलीया व हैल्पर गोपाल-दिलीप दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी द्वारा उक्त वाहन की रिपोर्ट वरिश्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत नहीं करने पर सेवा से बर्खास्त किया गया।

झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत कालिका माता मंदिर क्षेत्र में गंदगी एवं कचरे के ढेर पाये जाने पर झोन प्रभारी किरण चौहान व वार्ड प्रभारी दिलीप खरे को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरित प्रभाव पड़ने व निगम की छवि धुमिल होने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घन्टे में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। षहर में डेंगू के प्रकोप को कम करने हेतु नगर निगम व मलेरिया विभाग के संयुक्त रूप से फॉगिंग मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव किया जा रहा है एक डबल बैरल की फॉगिंग मशीन का सुचारू रूप से संचालन नहीं किये जाने पर नियुक्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी श्याम डंटवाल का दो दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

अग्निबाण 30/9/21

# खुले में कचरा डालकर गंदगी करने वालों पर होगा जुर्माना

रतलाम। संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास विभाग के निर्देश और नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में गुरुवार को शहर के सुलभ व सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई कराई गई। इस दौरान निगम आयुक्त ने एक दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों का निरीक्षण कर दुकानदारों और मकानों में रहने वाले लोगों को समझाइश दी कि किसी भी सूरत में कचरा इधर-उधर नहीं फेंके, वरना उन्हें जुर्माना वसूली टीम का सामना करना पड़ेगा।

उधर, निगम आयुक्त के निर्देशानुसार भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने व खुले में गंदगी करने पर महावीर कटारिया भगतपुरी से 5000, प्लास्टिक हाउस माणक चौक, मिठाईवाला त्रिपोलिया गेट से 500-500, अश्विन, राकेश त्रिपोलिया गेट, मित्र निवास रोड चाय वाला व कपड़े वाले से 250-250, रकीब त्रिपोलिया गेट से 100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई।

**तीन वाहनों को जब्त कर जुर्माना वसूला:** गुरुवार को चांदनी चौक व शहर सराय क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर अशोक पांडे, दीपक-गजानंद पटेल से 500-500 रुपये व विशाल रघुनाथ से 200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। 1

नईदुनिया

नईदुनिया 1/10/21

## दूसरे दिन 116 आपत्तियों पर हुई सुनवाई

पत्रिका

# क्षेत्रीय उद्यान को हटाए, एमआर-2 को करें विलोपित



### रतलाम विकास योजना समिति की बैठक में आए सुझाव आपत्तियां

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश मप्र शासन भोपाल द्वारा रतलाम निवेश क्षेत्र की प्रारूप विकास योजना 2035 का प्रकाशन राजपत्र में विगत दिनों किया गया। प्रकाशन अवधि में विभाग को कुल 296 आपत्तियां एवं सुझाव प्राप्त हुए। इनमें से बुधवार को 180 आपत्तियो पर सुनवाई हुई थी। शेष 116 आपत्तियों व सुझावों पर गुरुवार को सुनवाई की गई ।


कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में शिकायत कर्ता ने समिति के समक्ष प्रारूप में दर्शाए गए 120 मीटर के रिंगरोड को कम करने, क्षेत्रीय उद्यान को हटाने की बात रखी। इसके साथ ही एग्रीकल्चर भूमि को आवासीय करने के साथ एमआर-2 रोड को विलुप्त करने का सुझाव दिया है। जिला समिति द्वारा आपत्तियों, सुझावों पर अपनी अनुशंसा प्रतिवेदन आगामी एक माह के भीतर शासन को प्रेषित कर दिया जाएगा। जहां योजना पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। विधायक काश्यप ने नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारियो को निर्देशित किया कि विकास योजना तैयारी में गंभीरता बरती जाए। प्रत्येक बिंदु की जांच पड़ताल कर ठोस योजना बननी चाहिए जिसमे कोई कमी न हो। कलेक्टर ने भी योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी।

बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश उज्जैन सीके साधव, प्रभारी उपसंचालक गोरेलाल वर्मा तथा आपत्तिकर्ता व सुझावकर्ता नागरिक उपस्थित थे।

पत्रिका 1/10/21

# आजादी का अमृत महोत्सव : अखिल भारतीय जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम 2 अक्टूबर से

## जिला न्यायाधीश ने पत्रकार वार्ता लेकर दी जानकारी



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत नालसा एवं सालसा के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर 2021 से 14 नवंबर 2021 तक 45 दिवसीय अखिल भारतीय जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसका यह लक्ष्य है कि गरीब शोषित एवं वंचित वर्ग के हाशिए पर निवासरत समस्त व्यक्तियों को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जावे और इसके साथ साथ विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी सहित इसका लाभ उन तक पहुंचाया जावे।

इस संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम श्री राजेश गुप्ता द्वारा 30 सितम्बर को एडीआर सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया गया कि रतलाम जिले में उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर प्रभात फेरी निकालकर किया जावेगा। यह प्रभात फेरी प्रात: 10 बजे से जिला न्यायालय एवं सभी तहसील न्यायालयों आलोट, सैलाना तथा जावरा में निकाली जावेगी जिसके पश्चात उक्त दिनांक को ही ग्राम गोपालपुरा में वृहद मेले का आयोजन किया जावेगा जो प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रशासन के विभिन्न विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर उनके यहां चलाई जा रही हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी आमजन को प्रदान करेंगे। इसके -साथ ही उक्त योजनाओं का लाभ भी मौके पर प्रदान किया जावेगा। मेले में डाक विभाग के सहयोग से आधार कार्ड बनवाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मुक्त हेल्थ चेकअप एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत कंपनी एवं बैंक तथा अन्य विभागों के द्वारा भी स्टाल लगाकर उनके यहां चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ उनका लाभ आमजन को प्रदान किया जावेगा।

प्रसारण

प्रसारण 1/10/21

शहर की 87 किलोमीटर की सड़कों का नए सिरे से करना होगा निर्माण

# घटिया निर्माण : बारिश में उधड़ गई सड़कें

**बिग इश्यू**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. शहर में विकास के नाम पर किए गए कार्यों के बाद सड़कों पर की गई घटिया लीपापोती की पोल बारिश में खुल गई है। शहर के सिटी फोरलेन को छोड़ दे उनके अतिरिक्त शहर की अधिकांश सड़कें बुरी तरह से उधड़ चुकी हैं। यह सड़क के एक या दो किलोमीटर न होकर लगभग 87 किलोमीटर की हैं जिन पर बारिश थमने के बाद नए सिरे से निर्माण कार्य किया जाएगा। इस काम को पूरा करके शहर की सड़कों की दशा सुधारने में लगभग ₹ 14 करोड़ खर्च होंगे।

बारिश के इस दौर में शहर की गड्ढों भरी राहों से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा तकलीफ बुजुर्ग और मरीजों को हो रही है। यह हाल शहर की किसी गली मोहल्ले या कॉलोनी के ना होकर शहर के मुख्य बाजार के भी हैं। शहर की लगभग 49 किलोमीटर की सड़क पहले से ही खराब हो रही थी। ऐसे में उसकी मरम्मत होती उसके पहले बारिश के दौर ने 38 किलोमीटर सड़कों को बुरी तरह से उधेड़ दिया है।

## हर पल है हादसों का डर

वर्तमान में शहर की सड़कों के जो हाल है, वह गांव की सड़क से भी बदतर नजर आ रहे हैं। बारिश होने पर इन राहो से गुजरने वाले लोगों की जान पर हर पल खतरे का अंदेशा बना रहता है। दरअसल बारिश के बाद सड़क कहां है और गड्ढा कहां पता ही नहीं चलता है जिस कारण से हर पल हादसे का डर बना हुआ रहता है। सड़कों की बुरी हालत के बावजूद जिम्मेदार हैं कि लापरवाह लोगों पर कार्रवाई नहीं कर रहे।

## चौमुखीपुल से चांदनीचौक का मार्ग हुआ जर्जर



## इनकी लापरवाही पड़ रही भारी



बस स्टैंड पर नाले के समीप सड़क के नीचे की मिट्टी धसने के बाद बने हालात।



दोबत्ती चौराहे से स्टेशन की तरफ जाने वाले फ्रीगंज मार्ग के हाल भी जर्जर।

### सीवरेज कार्य

शहर में बीते 4 वर्षों से सीवरेज कार्य चल रहा है जो कि अब तक पूरा नहीं हो पाया है लेकिन नगर निगम के जिम्मेदारों ने आनन-फानन में इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री के द्वारा करा दिया है। सीवरेज की लाइन डालने के बाद सड़कों की घटिया मरम्मत के चलते आमजन की परेशानी बढ़ी है।

### पाइप लाइन कार्य

पेयजल वितरण के लिए नए सिरे से पाइप लाइन डाले जाने का कार्य भी किया गया है। इससे करने फिर से सड़कों को खोदा गया था और फिर उन पर लीपापोती हो गई।घटिया मरम्मत करने वालों पर जिम्मेदार कार्रवाई के बजाए मौन साधे बैठे हैं, ऐसे में परेशान आम जनता को होना पड़ रहा है।

### अब गैस लाइन की होगी खुदाई

शहर में सीवरेज कार्य और पेयजल पाइप लाइन डाले जाने के बाद अब जब नए सिरे से सड़क निर्माण का समय आया है तो अब गैस कंपनी अपनी लाइन डालने के लिए शहर में दस्तक दे चुकी है। घरों में पाइप लाइन के माध्यम से गैस पहुंचाने के लिए अब इनके पाइप डाले जाने की शुरुआत होने जा रही है जिसके लिए फिर से खुदाई कार्य होगा।

## कागजों में उलझी मरम्मत की प्रक्रिया

बारिश में बुरी तरह से उखड़ी सड़कों को नए सिरे से बनाए जाने को लेकर प्रक्रिया कागजों से बाहर ही नहीं निकल पा रही है। सड़क निर्माण के लिए कुल 38 काम निर्धारित किए गए हैं जो कि अब तक टेंडर प्रक्रिया से बाहर ही नहीं निकल सके हैं। दरअसल नगर निगम के जिम्मेदार इतने व्यस्त हैं कि इस काम को सही तरीके से समय पर अंजाम नहीं दे पा रहे हैं।

शहर की सड़कों नए सिरे से बनाए जाने को लेकर टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है, जल्द ही यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और काम शुरू हो जाएंगे। - **सोमनाथ झारिया,** निगम आयुक्त, रतलाम

## अक्टूबर में सड़क सुधार का था दावा

शहर की सड़कों के हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि इन्हें नए सिरे से ही बनाना पड़ेगा। प्रशासन और नगर निगम का दावा था कि अक्टूबर में सड़कें पूरी तरह से दुरुस्त हो जाएगी लेकिन वर्तमान में कार्यों की चाल को देखते हुए यह संभव नहीं लग रहा है। त्योहार के समय भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

| | |
|---|---|
| **87** किमी खराब सड़क | **41** इंच बारिश इस वर्ष दर्ज |
| **14** करोड़ खर्च होंगे नए सिरे से निर्माण में | **276** किमी सीवरेज से खुदाई |
| **38** कार्यों को टेंडर में लिया | **38** किमी पाइप लाइन बिछाई |

पत्रिका 1/10/21

## कार्रवाई : फॉगिंग मशीन चालक का 2 दिवस का वेतन काटा

# लापरवाही बरतने पर ड्रायवर व हेल्पर सेवा से बर्खास्त

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

नगर निगम के 2 कचरा संग्रहण वाहन विगत 1 माह से महू रोड स्थित गैरज खड़े होने का विडियो व्हाट्सएप पर प्राप्त होने पर निगम आयुक्ती सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी विनय चौहान को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरित प्रभाव पडने व निगम की छवि धुमिल होने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घन्टे में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

इसके अलावा उक्त वाहन के चालक देवकरण जावंलीया व हैल्पर गोपाल-दिलीप दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी द्वारा उक्त वाहन की रिपोर्ट वरिश्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत नहीं करने पर सेवा से बर्खास्त किया गया। झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत कालिका माता मंदिर क्षेत्र में गंदगी एवं कचरे के ढेर पाये जाने पर झोन प्रभारी किरण चौहान व वार्ड प्रभारी दिलीप खरे को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरित प्रभाव पडने व निगम की छवि धुमिल होने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घन्टे में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## नोटिस जारी किया

शहर में डेंगू के प्रकोप को कम करने हेतु नगर निगम व मलेरिया विभाग के संयुक्त रूप से फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है एक डबल बैरल की फॉगिंग मशीन का सुचारू रूप से संचालन नहीं किये जाने पर नियुक्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी श्याम उंटवाल का दो दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। २१५

राज एक्सप्रेस 1/10/21

## 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

अग्निलेखा

रतलाम। महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। जिला दण्डाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में देशी विदेशी मदिरा दुकाने वाईनरीए वाईन आउटलेटए होटलबार तथा सभी मद्यभाण्डागार बन्द रहेंगे। शुष्क दिवस पर जिले में मदिरा के अवैध धारणए परिवहन एवं विक्रय पर पूर्ण अंकुश रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

अग्निलेखा 1/10/21

## गांधी जयंती पर रहेगा शुष्क दिवस

रतलाम। महात्मा गाँधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। जिला दण्डाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में देशी विदेशी मदिरा दुकाने वाईनरी, वाईन आउटलेट, होटल बार तथा सभी मद्य भाण्डागार बन्द रहेंगे। शुष्क दिवस पर जिले में मदिरा के अवैध धारण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्ण अंकुश रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। राज

राज एक्सप्रेस 1/10/21

## महात्मा गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

रतलाम। महात्मा गाँधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। जिला दण्डाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में देशी विदेशी मदिरा दुकाने वाईनरी, वाईन आउटलेट, होटलबार तथा सभी मद्यभाण्डागार बन्द रहेंगे। शुष्क दिवस पर जिले में मदिरा के अवैध धारण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्ण अंकुश रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। नवभारत

नवभारत 1/10/21

## महात्मा गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

रतलाम। महात्मा गांधी जयंती दो अक्टूबर पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जारी आदेश अनुसार जिले में देशी विदेशी मदिरा दुकानें, वाइनरी, वाइन आउटलेट, होटल बार तथा सभी मद्यभंडारगार बंद रहेंगे।

**शामगढ़।** नगर परिषद ने विशेष सफाई अभियान के तहत वार्ड एक व दो में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया।

नई

नईदुनिया 1/10/21

# 3 नए पॉजिटिव, 48 घरों में मिला लार्वा

रतलाम | शहर के साथ ही जिलेभर में डेंगू के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गुरुवार को 3 नए पॉजिटिव सामने आए हैं, इसी के साथ अब तक 384 पॉजिटिव मिल चुके हैं जो अब तक के सर्वाधिक है।

जिले में दो महीने में डेंगू ने तेजी से रफ्तार पकड़ी है। पिछले साल अब तक जहां सिर्फ 7 मामले ही मिले थे इस बार 384 केस आ गए हैं। डेंगू के पॉजिटिव मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को 14 सैंपलों की जांच की गई है जिसमें से 3 मामलों में डेंगू की पुष्टि हुई। ये एलाइजा पद्धति से मिले केस हैं। इसके अलावा कई मामले ऐसे भी हैं जो एंटीजन किट से पॉजिटिव आ रहे हैं। जिले में लगातार हुए सर्वे में 950 घरों में लार्वा मिल चुका है। गुरुवार को भी स्वास्थ्य विभाग का अमला 512 घरों में सर्वे के लिए पहुंचा जहां 48 मकानों में लार्वा मिला है। 26 स्थानों पर कंटेनर और 19 स्थानों पर पानी की टंकी में लार्वा मिला। सभी लार्वा को कर्मचारियों ने नष्ट किया है। भास्कर

दै. भास्कर 1/10/21

# 23 दिन बाद रतलाम में एक पॉजिटिव मिला

रतलाम | सितंबर महीने के आखिरी दिन कोरोना पॉजिटिव का मामला भी सामने आया। थावरिया बाजार के एक युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। गुरुवार को थावरिया बाजार निवासी 19 साल के पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। सितंबर महीने में 2 संक्रमित सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम अब युवक की कांटेक्ट ट्रेसिंग करेगी। इसी के साथ एक्टिव केस भी 1 हो गए हैं जो अब तक 0 थे। राहत की बात यह है कि कोरोना से अब किसी की मौत के मामले सामने नहीं आ रहे हैं।

भास्कर

दै. भास्कर 1/10/21

# अमृत सागर की दुर्दशा को लेकर कार्तिक अखाड़े ने दिया कानूनी नोटिस

उपग्रह - ३०

**रतलाम।** शहर के प्राचीन एवं धार्मिक महत्व के स्थलों के करीब स्थित अमृत सागर तालाब की दुर्दशा को लेकर कार्तिक अखाड़े ने जिला प्रशासन को कानूनी नोटिस दिया है। इसमें कहा गया है कि जल्द तालाब के जीर्णोद्धार की कार्रवाई शुरू नहीं की गई, तो कार्तिक अखाड़े द्वारा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी जाएगी।

अमृत सागर तालाब लंबे समय से दुर्दशा का शिकार हो रहा है। जलकुंभी के कारण इसका मूल अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। नगर निगम द्वारा इसके सौंदर्यीकरण की करोड़ों की योजना अमल की जाना है, लेकिन उसमें काफी लेतलाली की जा रही है। इसे लेकर कार्तिक अखाड़े की ओर से अभिभाषक विकास सोनी ने जिला प्रशासन को एक बार फिर कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें कहा गया है कि तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द शुरू नहीं हुआ, तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी। नगर निगम अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए निविदा निकाल चुका है। राज्य स्तर पर भी समिति घोषित हो चुकी है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा है।

तालाब में पड़ी गंदगी से कई बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। इससे आसपास की कॉलोनियों में निवासरत क्षेत्रवासी लंबे समय से परेशान हैं। तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर कार्तिक अखाड़ा द्वारा करीब नौ महीनों से धर्म ध्वजा यात्रा चल रही है। अखाड़े द्वारा सौंदर्यीकरण होने तक इस यात्रा पर विराम नहीं लगाने की घोषणा की गई है। विडंबना है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने रतलाम दौरे में अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी प्रशासन उनकी घोषणा पर अमल करने में रुचि नहीं दिखा रहा है। अभिभाषक विकास सोनी ने दूसरी बार प्रदेश के राजस्व प्रमुख सचिव और कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, नगर निगम आयुक्त आदि को नोटिस दिया है। इसमें कहा गया है कि शहर की प्राचीन धरोहर अमृत सागर तालाब राजा महाराजाओं के काल से बना हुआ है। जलीय जीव और मानव स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए इसे जल्द से जल्द नया स्वरूप दिया जाना आवश्यक है।

तालाब के किनारे गणेशजी, शिवजी, हनुमानजी, शनि देवजी और अन्य हिंदू धर्म के धार्मिक स्थल तथा समाधि बने हुए हैं। इससे यह क्षेत्र आस्था का केंद्र है। यहां सैकड़ों लोग मंदिरों में दर्शन के लिए आते हैं। वर्तमान में दुर्दशा के कारण अमृत सागर तालाब मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक साबित हो रहा है। कोरोना जैसी भयानक महामारी के साथ डेंगू जैसी बीमारी का प्रकोप फैलने से आम जन चिंतित है। इसलिए जल्द से जल्द तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाना आवश्यक है।

उपग्रह 30/9/21

# हनुमान ताल पर श्रमदान कर मनाया अमृत महोत्सव

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क



नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि नगर से महानगर की ओर बढ़ते रतलाम शहर में विकास के कार्य तेजी से हो रहे है और आने वाले समय में रतलाम प्रदेश के विकसित क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाएगा। ऐसे में अब ये भी जरुरी हो गया है कि रतलाम शहर को स्वच्छता के माध्यम से संपन्न बनाया जाए क्योंकि किसी भी शहर के नागरिकों को स्वस्थ्य रखने के लिए स्वच्छता जरुरी है।

आजादी के इस अमृत महोत्सव में हम सभी संकल्प ले कि रतलाम का नाम स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-बनाएंगे। इसके लिए सभी उन सभी मानकों का पालन करेंगे, जो स्वच्छता के लिए जरुरी है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश और नगर निगम आयुक्त के कुशल मार्गदर्शन में बुधवार को शहर के सुलभ व सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई कराई गई। इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में सफाई मित्र समूह के सदस्यों ने नागरिकों को अपने घरों में चार तरह के अलग-अलग डस्टबीन रखने की समझाईश देते हुए कहा कि घर या दुकान से निकले कचरे का निपटान नगर निगम निर्धारित कचरा संग्रहण वाहनों में ही करे।

अगर कोई भी नागरिक कचरे का निपटान अन्यंत्र करता है तो उसे निगम की स्पॉट फाईन टीम का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री व स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी सुरेशचन्द्र व्यास, कार्यपालन अधिकारी जीके जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के.जैन, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान के अलावा द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्य दिव्या प्रयास जोशी, मिली जोशी, श्रुति जोशी, शिवम, सलोनी, कीर्ति, प्रयास, दीपिका व सफाई मित्र समूह टीम के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। 215

राज एक्सप्रेस 1/10/21

नवभारत

## लापरवाही पर स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारियों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। नगर निगम के 2 कचरा संग्रहण वाहन विगत 1 माह से महू रोड स्थित गैरज खड़े होने का विडियो व्हाट्स एप पर प्राप्त होने पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह व झोन प्रभारी विनय चौहान को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरित प्रभाव पड़ने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घन्टे में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा उक्त वाहन के चालक देवकरण जावलीया व हैल्पर गोपाल-दिलीप दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी द्वारा उक्त वाहन की रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत नहीं करने पर सेवा से बर्खास्त किया गया। झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत कालिका माता मंदिर क्षेत्र में गंदगी एवं कचरे के ढेर पाये जाने पर झोन प्रभारी किरण चौहान व वार्ड प्रभारी दिलीप खरे को कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। वहीं फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव निगम कर रहा हैं। मशीन का सुचारू रूप से संचालन नहीं किये जाने पर नियुक्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी श्याम उंटवाल का दो दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

नवभारत 1/10/18

मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक से एक अक्टूबर को करेंगे राशि का वितरण

# 20 हजार महिला स्व-सहायता समूहों को मिलेगा 250 करोड़ का बैंक ऋण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक अक्टूबर को शिवपुरी में जन-कल्याण और सुराज अभियान में महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज के अंतर्गत ढाई सौ करोड़ रुपये का बैंक ऋण वितरित करेंगे। इससे प्रदेश की 20 हजार महिला स्व-सहायता समूहों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति की 2 लाख 27 हजार 687 महिलाओं को 22 करोड़ 77 लाख रुपये का आहार भत्ता और बाढ़ पीड़ितों को राहत राशि का वितरण भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक से राशि का वितरण करेंगे।



**सहरिया, बैगा और भारिया महिलाओं को 22 करोड़ के आहार भत्ते का भी वितरण होगा**

कार्यक्रम में लगभग 10 हजार महिला स्व-सहायता समूह सदस्य शामिल होंगी और सभी जिलों में बड़ी संख्या में महिला सदस्य वर्चुअल माध्यमों से भी प्रसारण देखेंगी। उल्लेखनीय है कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये आहार अनुदान योजना शुरू की गई है। इन जनजातियों के परिवार 14 जिलों श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, दतिया, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, छिंदवाडा, मंडला, बालाघाट और डिंडोरी में निवास करते हैं। इन परिवारों के खाते में एक हजार रूपये प्रतिमाह मिल रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रारंभ से 31 अगस्त 2021 तक की स्थिति में करीब 2 हजार 54 करोड़ रुपये के बैंक ऋण का वितरण कर लगभग 2 लाख 65 हजार स्व-सहायता समूहों को लाभान्वित किया गया है। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, लोक निर्माण राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ सहित अन्य स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। जन-कल्याण और सुराज अभियान में राज्य सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में एक अक्टूबर को महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम शिवपुरी में होगा।

अग्निबाण 30/9/21

# कार्य में लापरवाही बरतने पर ड्रायवर व हैल्पर सेवा से बर्खास्त

*** स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारियों का एक दिवस का वेतन काटा**

*** फॉगिंग मशीन चालक का 2 दिवस का वेतन काटा**

अवन्तिका

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

नगर निगम के 2 कचरा संग्रहण वाहन विगत 1 माह से महू रोड स्थित गैरज खड़े होने का विडियो व्हाट्स एप पर प्राप्त होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी विनय चौहान को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरित प्रभाव पडने व निगम की छवि धुमिल होने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घंटे में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

इसके अलावा उक्त वाहन के चालक देवकरण जावलीया व हैल्पर गोपाल.दिलीप दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी द्वारा उक्त वाहन की रिपोर्ट वरिश्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत नहीं करने पर सेवा से बर्खास्त किया गया।

झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत कालिका माता मंदिर क्षेत्र में गंदगी एवं कचरे के ढेर पाये जाने पर झोन प्रभारी किरण चौहान व वार्ड प्रभारी दिलीप खरे को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरित प्रभाव पडने व निगम की छवि धुमिल होने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घन्टे में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

शहर में डेंगू के प्रकोप को कम करने हेतु नगर निगम व मलेरिया विभाग के संयुक्त रूप से फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है एक डबल बैरल की फॉगिंग मशीन का सुचारू रूप से संचालन नहीं किये जाने पर नियुक्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी श्याम उंटवाल का दो दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

अवन्तिका 1/10/21

# कोरोना के बाद डेंगू का कहर, मरीजों का आंकड़ा 400 के पार

रतलाम। कोरोना महामारी की दूसरी लहर के बाद जिले में डेंगू कहर बरपा रहा है। डेंगू के नए मामले लगातार मिल रहे हैं। मरीजों की अधिकता से संसाधन कम पड़ने लगे हैं। किट नहीं होने से मेडिकल कॉलेज में एलाइजा जांच नहीं हो रही है। डेंगू और वायरल बुखार के मरीजों को प्लेटलेट्स मिलना भी मुश्किल हो रहा है। मानव सेवा समिति जैसी अग्रणी संस्था भी प्लेटलेट्स देने में असमर्थ हो रही है।

समिति अध्यक्ष मोहनलाल मुरलीवाला का कहना है कि प्लेटलेट्स के लिए रक्तदाता की आवश्कता पड़ती है। समिति द्वारा अब तक अपने स्तर पर इंतजाम किया जाता रहा, लेकिन डेंगू के मरीजों की संख्या को देखते हुए भविष्य में प्लेटलेट्स तभी दिए जाएंगे, जब रक्तदाता साथ में होगा। समिति द्वारा प्रतिदिन 100 से अधिक मरीजों के लिए प्लेटलेट्स दिए जा रहे हैं।

इधर जिले में अब तक इस साल एलाइजा जांच में 400 से अधिक मरीज डेंगू पॉजिटिव मिले हैं। एंटीजन किट जांच में भी 25 से अधिक मरीज मिले हैं। जानकारों के मुताबिक डेंगू के इतने मामले पहले कभी नहीं मिले थे। वर्ष 2018 में डेंगू का प्रकोप आया था, लेकिन तब भी इतने मामले सामने नहीं आए थे। इस सप्ताह जिले के सैलाना में 5 वर्षीय बच्ची और 35 वर्षीय व्यापारी की डेंगू से मौत हो गई। इन्हें मिलाकर अब तक 8 लोगों की मौत डेंगू से हो चुकी है, जिनमें रतलाम शहर में तीन महिलाएं, नामली, सेमलिया, रावटी के तीन बच्चे शामिल हैं।

गौरतलब है कि जिले में सबसे पहले रतलाम में इलाजरत युवक की मौत डेंगू से होने का मामला सामने आया था, जिसे डेंगू के लक्षण पाए जाने पर रतलाम के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इसके बाद सेमलिया में 12 वर्षीय हरिओम सोलंकी, नामली के 14 वर्षीय काजल सोलंकी और रावटी निवासी 15 वर्षीय नमन ग्वालियरी की मौत डेंगू की वजह से हुई। रतलाम की 25 वर्षीय पल्लवी पोरवाल और 35 वर्षीय राशि झालानी की मृत्यु भी डेंगू से होना बताई गई है। हाल ही में सैलाना में 5 वर्षीय हिमांशी मालवीय और 35 वर्षीय बसंत कसेरा की मौत डेंगू से हो गई, लेकिन सरकारी आंकड़ों में अब तक डेंगू से एक भी मौत की पुष्टि नहीं की गई है।

जिले में पिछले जुलाई और अगस्त माह के दौरान 200 से अधिक डेंगू के मरीज मिले थे, जबकि अकेले सितंबर माह में 160 से अधिक मरीज मिले हैं। हालांकि ये आंकड़े भी वास्तविकता से काफी दूर हैं, क्योंकि कई मरीजों को रिपोर्ट में नेगेटिव होने के बाद ऐसे लक्षण रहे हैं, जो डेंगू की खतरनाक स्थिति बताते हैं।

डेंगू पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग सर्वे कर रहा है। इसमें गांव और शहरी क्षेत्रों सभी जगह बड़ी संख्या में वाटर टैंकों में मच्छर के लार्वा मिल रहे हैं। रतलाम में नगर निगम और मलेरिया विभाग साथ मिलकर लार्वा सर्वे कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी डेंगू पर नियंत्रण होता नहीं दिख रहा है।

अपडेट - 30

अपडेट 30/9/21